| सत्र - 2026-27 के लिए पाठ्यक्रम<br>विषय - हिंदी (कक्षा - 4)<br>प्रथम सत्र | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सुझावित महीना | पाठ संख्या | पाठ का नाम | अपेक्षित दक्षताएँ | अधिगम प्रतिफल | सुझावित गतिविधियाँ |
| अप्रैल से मई | 1 | **चिड़िया का गीत (कविता) ऐसा वर दो, मति की उड़ान (अतिरिक्त पाठ्य सामग्री )** | C1.1 विभिन्न संदर्भों में धाराप्रवाह और सार्थक बातचीत करते हैं\|<br>C2.1 विभिन्न पाठ्य सामग्री को समझने के लिए समझ की विभिन्न रणनीतियों (निष्कर्ष निकलना, अनुमान, कल्पना) का उपयोग करते हैं। | • पढ़ी हुई सामग्री और निजी अनुभवों को जोड़ते हुए उनसे उभरी संवेदनाओं और विचारों की अभिव्यक्ति करते हैं\|<br>• कहानी /कविता अथवा अन्य सामग्री को अपनी तरह से अपनी भाषा में कहते हुए उसमें अपनी कहानी / बात जोड़ते हैं\|<br>• भाषा की बारीकियों जैसे तुकांत शब्द, विलोम शब्द, उपसर्ग और संज्ञा आदि के प्रति सचेत रहते हुए लिखते हैं\|<br>• विद्यार्थी अपने परिवेश में अन्य प्राणियों को करुणा की दृष्टि से देखते है और मानवीय व्यवहार करते हैं\| | **तकनीक आधारित अधिगम** - टैबलेट एवं स्पीकर के माध्यम से विभिन्न पक्षियों की आवाज़ सुनकर पहचानें।<br>**कला एकीकृत अधिगम-** बच्चे अपनी कल्पना के अनुसार हाथों की छाप या थंब प्रिंटिंग के माध्यम से चिड़ियों के चित्र बनाएँ\|<br>**समावेशिता** - पृष्ठ संख्या 17 पर उपस्थित कहानी मति की उड़ान - बच्चों को इस लघु कहानी के साथ शिक्षिका की उपस्थिति में गुंजन सक्सेना नामक फिल्म दिखाई जा सकती है\| |
| | 2 | **बग़ीचे का घोंघा (कहानी)** | C2.2 मुख्य विचारों को समझते हैं और पढ़ी गई सामग्री से आवश्यक निष्कर्ष निकालते हैं।<br>C3.3 उचित जानकारी और उद्देश्य के साथ पोस्टर, आमंत्रण, सरल कविताएं, | • पढ़ी गई रचनाओं की विषयवस्तुओं, घटनाओं, चित्रों, पात्रों, शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं /प्रश्न पूछते हैं/ अपनी राय देते हैं/ अपनी बात के लिए तर्क देते हैं\|<br>• भाषा की बारीकियों जैसे संबोधन वाचक शब्द, विशेषण, और संवाद लेखन आदि के प्रति सचेत रहते हुए लिखते हैं\| | **तकनीकी अधिगम -** बारिश में दिखने वाले विभिन्न जीव जंतुओं की वीडियो K-YAN के माध्यम से छात्रों को दिखाकर उनके खान-पान एवं आवास पर चर्चा कर सकते हैं\|<br>**कला एकीकृत अधिगम -**<br>• ऑरिगेमी कागज के माध्यम से शिक्षिका विद्यार्थियों को घोंघे का |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | कहानियां और संवाद की रचना करते हैं। | | चित्र बनाने की चरणबद्ध विधि सिखाए तथा विद्यार्थियों को चित्र बनाने एवं सजाने के लिए कहे।<br>• बनाए गए घोंघे के बारे में 5 वाक्य सभी विद्यार्थियों से लिखवाकर उनपर चर्चा कराई जा सकती है। |
| | 3 | **नीम (कविता)**<br><br>**भांति भांति की पत्तियां (अतिरिक्त पाठ्य सामग्री )** | C1.2 कक्षा में पढ़ी गई सामग्री से मूल विचारों को संक्षेपित करते हैं\|<br>C2.1 विभिन्न पाठ्य सामग्री को समझने के लिए समझ की विभिन्न रणनीतियों (निष्कर्ष निकलना, अनुमान, कल्पना) का उपयोग करते हैं। | • सुनी गई रचनाओं के विषय वस्तु ,घटनाओं ,चित्रों , पात्रों, शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं /प्रश्न पूछते हैं /अपनी राय देते हैं /अपनी बात के लिए तर्क देते हैं।<br>• अलग-अलग तरह की रचनाओं में आए नए शब्दों को संदर्भ में समझकर उनका अर्थ ग्रहण करते हैं।<br>• भाषा की बारीकियों पर ध्यान देते हुए अपनी भाषा गढ़ते हैं और उसका इस्तेमाल करते हैं। | **अनुभवात्मक अधिगम -** एक गमले में कुछ बीज डालिए तथा अवलोकन कीजिए कि आपके द्वारा लगाया गया बीज कब अंकुरित होता है? बीज से पौधा बनने के बदलावों को कॉपी में नोट कीजिये। अपने पौधों को बढ़ते हुए देखने का आनंद लीजिए।<br>अपने पौधे को वन महोत्सव के दिन विद्यालय में लेकर आइए तथा अपने अवलोकित अनुभव को कक्षा में साझा कीजिए ।<br>**कला एकीकृत अधिगम -** पत्तियों की छाप की सहायता से विभिन्न जीव जंतुओं के चित्र बनाएँ।<br>**अनुभवात्मक अधिगम** कविता भाँति-भाँति की पत्तियाँ के अंतर्गत विद्यालय उद्यान का भ्रमण कराया जा सकता है तथा विभिन्न प्रकार की पत्तियाँ एकत्रित कराई जा सकती हैं\| |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जुलाई से सितंबर | 4 | **हमारा आहार (कविता)**<br><br>**गोलगप्पा (अतिरिक्त पाठ्य सामग्री )** | C4.2 शब्दों के अर्थों पर चर्चा करते हैं और विभिन्न पाठों या अन्य सामग्री क्षेत्रों को सुनकर और पढ़कर शब्दावली विकसित करते हैं\|<br>C2.2 मुख्य विचारों को समझते हैं और पढ़ी गई सामग्री से आवश्यक निष्कर्ष निकालते हैं।<br>C3.4 अपने लेखन में उचित व्याकरण और संरचना का उपयोग करते हैं। | • कहीं जा रही बात, कहानी ,कविता आदि को ध्यान से समझते हुए सुनते और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं\|<br>• तरह-तरह की रचनाओं /सामग्री /अखबार/बाल पत्रिका आदि को समझ कर पढ़ने के बाद उस पर आधारित प्रश्न पूछते हैं/ अपनी राय देते हैं/ शिक्षक एवं अपने सहपाठियों के साथ चर्चा करते हैं/ पूछे गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक लिखित रूप से देते हैं\|<br><br>• अलग-अलग तरह की रचनाओं में आए नए शब्दों को संदर्भ में समझकर उनका अर्थ सुनिश्चित करते हैं। | **भाषाई कौशल** पत्र लेखन -<br>अपने मित्र को एक पत्र लिखिए जिसमें आप अपने मित्र को संतुलित आहार के महत्व के विषय में बताएँ।<br>**शब्द लड़ी** - तुकबंदी वाले शब्द (रेल खेल मेल जेल मकड़ी ककड़ी आदि)\|<br>**अनुभवात्मक अधिगम -** बिना आग का प्रयोग किये खाने की चीज कक्षा में बनवाएँ और उसको बनाने की विधि लिखवाएँ (जैसे सैंडविच, सलाद, आलू चाट\| |
| | 5 | **आसमान गिरा (कहानी)**<br><br>**चेरापूँजी के मेहमान (अतिरिक्त पाठ्य सामग्री )** | C1.3 मौखिक प्रस्तुतियाँ करते हैं (दिखाओ और बताओ, छोटे स्वागत नोट्स, छोटे कार्यक्रमों का संचालन, छोटा भाषण, कक्षा स्तर में आयोजित वाद-विवाद)\| | • कहीं जा रही बात, कहानी, कविता आदि को ध्यान से समझते हुए सुनते और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं\|<br>• कहानी कविता अथवा अन्य सामग्री को समझते हुए उसमें अपनी बात/ कहनी जोड़ते हैं।<br>• संदर्भ के अनुसार मुहावरों का प्रयोग करते हैं।<br>• विद्यार्थी पढने-पढाने की प्रक्रिया में अपनी कल्पना, जिज्ञासा और रचनात्मकता के साथ सक्रिय रहते हैं\| | **अभिनय से अधिगम -** कहानी में आए पात्रों की कागज की पुतलियां बनाएं व उसका रोल प्ले कक्षा में करें। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | **जयपुर से पत्र (पत्र)** | C3.2 स्पष्ट व सुसंगत पैराग्राफ लिखते हैं जो किसी दिए गए विषय/ अवधारणा या किसी पाठ को पढ़ने पर उनकी समझ को व्यक्त करते हैं। | • विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए अपने लेखन में शब्दों के चुनाव, वाक्य संरचना और लेखन के स्वरूप (जैसे दोस्त को पत्र लिखना, पत्रिका के संपादक को पत्र लिखना) को लेकर निर्णय लेते हुए लिखते हैं\|<br>• अलग-अलग तरह की रचनाओं सामग्री (अखबार, बाल पत्रिका, होर्डिंग आदि ) को समझकर पढ़ने के बाद उस पर आधारित प्रश्न पूछते हैं/ अपनी राय देते हैं/ शिक्षक एवं अपने सहपाठियों के साथ चर्चा करते हैं\| | **आईसीटी अधिगम** –K-YAN की सहायता से वीडियो दिखाकर बच्चों के साथ विभिन्न राज्यों की विविधता पर चर्चा की जा सकती है. बच्चे अपने-अपने राज्यों में स्थित ऐतिहासिक स्मारक स्थलों के बारे में जानकारी साझा कर सकते हैं तथा उन स्थानों से जुड़े अपने अनुभव लिख सकते है।<br>**अनुभवात्मक अधिगम -** घर जाकर अपने मूल स्थान में विख्यात व्यंजन को बनाने की विधि पता करें फिर उसे अपने शब्दों में कॉपी में लिखें तथा कक्षा में साझा करें। विद्यार्थी अपने मूल स्थान में विख्यात व्यंजन को घर से बनवा कर ला सकते हैं तथा सामुदायिक लंच का आयोजन कर सकते हैं। |
| | 8 | **ओणम के रंग (निबंध)** | C3.1 लेखन की रणनीतियों का उपयोग करते हैं जैसे अनुक्रमण, शीर्षकों/ उपशिर्षकों की पहचान करना, शुरुआत और अंत एवं पैराग्राफ बनाना। | • अपने आसपास घटने वाली घटनाओं की बारीकियों पर ध्यान देते हुए उन पर मौखिक रूप से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं/ प्रश्न पूछते हैं।<br>• सुनी अथवा पढ़ी रचनाओं (हास्य, साहसिक, सामाजिक आदि) विषयों पर आधारित कहानी/ कविता आदि की विषय वस्तु, घटनाओं, चित्रों पात्रों, शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं / प्रश्न | **अनुभावात्मक अधिगम**<br>विभिन्न राज्यों (जैसे गुजरात, राजस्थान, पंजाब, कश्मीर, केरल, असम आदि) के त्यौहार, शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, भाषा, परिधान, मुख्य फसल तथा उनसे जुड़ी हुई प्रचलित कथाओं के बारे में कक्षा में |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | C5.2 घर पर पढ़ने के लिए नियमित रूप से पुस्तकालय से किताबें लाते हैं\|<br><br>C4.2 शब्दों के अर्थों पर चर्चा करते हैं और विभिन्न पाठ हो या अन्य सामग्री क्षेत्र को सुनकर और पढ़कर शब्दावली विकसित करते हैं\| | पूछते हैं/ अपनी स्वतंत्र टिप्पणी देते हैं/ अपनी बात के लिए तर्क देते हैं/ निष्कर्ष निकालते हैं।<br>• भाषा की व्याकरणिक इकाइयों जैसे कारक चिह्न, क्रिया, काल, विलोम आदि की पहचान करते हैं और उनके प्रति सचेत रहते हुए लिखते हैं।<br>• विद्यार्थी भारतीय भौगौलिक, बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक परिवेश के प्रति समावेशी दृष्टिकोण और भारतीय विविधता के प्रति सकारात्मक बोध विकसित करते हैं। | बताएँ और किसी एक राज्य पर पोस्टर बनवाएँ तथा कक्षा में प्रदर्शित करवाएँ।<br>**बहुविषयक उपागम-** विद्यार्थी समूह में मानचित्र पर विभिन्न राज्यों तथा उनके फसलों के त्योहारों को पहचानकर एक सूची बनाएँ\|<br>**अनुभवात्मक अधिगम-** कक्षा में विद्यार्थियों के साथ ओणम का त्योहार मनाया जा सकता है। |
| **नोट :- उपर्युक्त पाठ्यक्रम पुनरावृति के साथ मध्यावधि परीक्षा से पहले पूर्ण हो जाना चाहिए\|** | | | | | |
| अक्टूबर से दिसंबर | 7 | **नकली हीरे (चित्रकथा)**<br><br>**हवा और धूल (अतिरिक्त पाठ्य सामग्री )** | C5.2 पुस्तकालय से किताबें पढ़ने में रुचि दिखाते हैं\|<br><br>C4.1 विभिन्न पाठो को सुनकर और पढ़कर शब्दों के अर्थों पर चर्चा करते हैं और शब्दावली विकसित करते हैं\| | • तरह-तरह की कहानियों, कविताओं, रचनाओं की भाषा की बारीकियों (जैसे शब्दों की पुनरावृत्ति, संज्ञा, सर्वनाम, विभिन्न विराम चिह्नों) आदि की पहचान और प्रयोग करते हैं।<br>• विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए अपने लेखन में शब्दों के चुनाव, वाक्य संरचना और लेखन के स्वरूप (जैसे संवाद लेखन ) को लेकर निर्णय लेते हुए लिखते हैं\|<br>• स्वेच्छा से या शिक्षक द्वारा तय गतिविधि के अंतर्गत वर्तनी के प्रति सचेत होते हुए स्व नियंत्रित लेखन (कन्वेंशनल राइटिंग) करते हैं\|<br>• विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विवेक, सत्यनिष्ठा और विनम्रता जैसे मानवीय गुणों को प्रेरित करना । | **कला समेकित अधिगम**<br>कक्षा पुस्तकालय से कोई भी पुस्तक चुनिए तथा उस कहानी को चित्र कथा के रूप में परिवर्तित कीजिए\|<br>**अभिनय से अधिगम**<br>शिक्षक बच्चों से पाठ का नाट्य रूपांतरण करा सकते हैं।<br>**भाषा कौशल - रचनात्मक लेखन**<br>यदि आपको कोई नकली वास्तु दे तो आप क्या करेंगे? अपने विचार लिखिए। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | **मिठाईयों का सम्मेलन (नाटक)**<br><br>**जलेबी (अतिरिक्त पाठ्य सामग्री )** | C2.1 विभिन्न पाठ्य सामग्री को समझने के लिए समझ की विभिन्न रणनीतियों (निष्कर्ष निकलना, अनुमान, कल्पना) का उपयोग करते हैं।<br>C5.1 घर पर पढ़ने के लिए नियमित रूप से पुस्तकालय से किताबें लाते हैं\| | • आसपास होने वाली गतिविधियों घटनाओं और विभिन्न स्थितियों में हुए अपने अनुभवों के बारे में बताते हैं / बातचीत करते हैं और प्रश्न पूछते हैं।<br>• स्वेच्छा से या शिक्षक द्वारा तय गतिविधि के अंतर्गत वर्तनी के प्रति सचेत होते हुए स्व नियंत्रित लेखन करते हैं।<br>• विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए संज्ञा, वचन, मुहावरों का सही इस्तेमाल करते हैं\| | **अनुभवात्मक अधिगम -**<br>नाटक गतिविधि - बाजार दृश्य<br>एक बच्चा दुकानदार बनेगा और बाकी बच्चे ग्राहक बनेंगे। बच्चे फल, सब्ज़ियाँ और अनाज खरीदने-बेचने का अभिनय करेंगे।<br>इस गतिविधि से बच्चे खाद्य पदार्थों के नाम सीखेंगे। बच्चे स्वस्थ और पौष्टिक भोजन चुनना भी सीखेंगे।<br>**कला समेकित अधिगम-** पौष्टिक भोजन से सम्बंधित स्लोगन राइटिंग कराएँ। |
| | 10 | **कैमरा (विज्ञान कविता) सुन इमली के दाने सुन , ठहाके (अतिरिक्त पाठ्य सामग्री )** | C3.3 उचित जानकारी और उद्देश्य के साथ पोस्टर, आमंत्रण, सरल कविताएँ, कहानियाँ और संवाद की रचना करते हैं\|<br>C2.1 विभिन्न पाठ्य सामग्री को समझने के लिए समझ की विभिन्न रणनीतियों (निष्कर्ष निकलना, अनुमान, कल्पना) का उपयोग करते हैं।<br>C4.2 शब्दों के अर्थों पर चर्चा करते हैं और विभिन्न | • सुनी अथवा पढ़ी गई रचना की विषय वस्तु, घटनाओं, चित्रों, पात्रों और शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं/ प्रश्न पूछते हैं/ अपनी स्वतंत्र टिप्पणी देते हैं/ अपनी बात के लिए तर्क देते हैं/ निष्कर्ष निकालते हैं\|<br>• अपनी कल्पना से कहानी, कविता, संवाद आदि लिखते हैं, कविता कहानी को आगे बढ़ाते हुए लिखते हैं\|<br>• विभिन्न रचनाओं के माध्यम से वैज्ञानिक सोच का विकास करते हैं\| | **अभिनय से अधिगम**<br>कविता को कक्षा में नाटक के रूप में प्रस्तुत कीजिए\|<br>**भाषाई कौशल** विद्यालय के पुस्तकालय में जाकर या किसी अन्य स्रोत से कैमरे से संबंधित अन्य जानकारी इकट्ठी कीजिए।<br>**रचनात्मक लेखन** आपकी बातचीत यदि कैमरे से हो तो आप उससे क्या-क्या बातें करेंगे अपनी कल्पना से एक चित्रकथा बनाइए।<br>**कला समेकित अधिगम** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | पाठ या अन्य सामग्री को सुनकर और पढ़कर शब्दावली विकसित करते हैं\| | | स्टिक की सहायता से एक फोटो फ्रेम बनाइए तथा उसमें एक मनभावन फोटो लगाइए\| |
| | 11 | **कविता का कमाल (लोककथा)** | C1.1 विभिन्न संदर्भ में धारा प्रवाह और सार्थक बातचीत करते हैं।<br>C5.2 पुस्तकालय से किताबें पढ़ने में रुचि दिखाते हैं\|<br>C3.1 लेखन की रणनीतियों का उपयोग करते हैं, जैसे अनुक्रमण, शीर्षकों/ उप शीर्षकों की पहचान करना, शुरुआत और अंत एवं पैराग्राफ बनाना\| | • सुनी अथवा पढ़ी गई रचना (लोककथा) की विषय वस्तु, घटनाओं, चित्रों और पात्रों, शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं/ प्रश्न पूछते हैं/ अपनी स्वतंत्र टिप्पणी देते हैं/ अपनी बातों के लिए तर्क देते हैं/ निष्कर्ष निकालते हैं।<br>• भाषा की बारीकियों पर ध्यान देते हुए अपनी भाषा गढ़ते हैं और उसे अपने लेखन/ब्रेल में शामिल करते हैं।<br>• भाषा की व्याकरणिक इकाइयों जैसे सर्वनाम, संज्ञा, क्रिया, काल आदि की पहचान करते हैं और उनके प्रति सचेत रहते हुए लिखते हैं। | **कला समेकित अधिगम**<br>पुस्तकालय से कोई भी पुस्तक लीजिए तथा किसी कहानी को कविता में परिवर्तित करके कक्षा में प्रस्तुत कीजिए।<br>**रचनात्मक अभिव्यक्ति** शिक्षक एक पिटारा बनाएँगे जिसमें 8 से 10 विभिन्न प्रकार के जानवरों, जीव जंतु अथवा पक्षियों के नाम होंगे. पिटारे में से एक पर्ची निकालकर बच्चे उस पर कुछ तुकबंदी वाले वाक्य बोलेंगे।<br>**अनुभवात्मक अधिगम**<br>मान लीजिए आप मदन हैं। विजेता बनने के बाद मदन को मीडिया के प्रश्नों के उत्तर देने पड़े। अपने अनुसार संवाद तैयार कीजिए तथा उसे कक्षा में प्रस्तुत कीजिए। (सुझाव - यह गतिविधि जोड़े में कराई जा सकती है जिसमें एक विद्यार्थी मीडिया पर्सन बनेगा तथा दूसरा विद्यार्थी मदन बनेगा)\| |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 12 | **शतरंज में मात (नाटक)** | C3.2 स्पष्ट और सुसंगत पैराग्राफ लिखते हैं जो किसी दिए गए विषय/ अवधारणा या किसी पाठ को पढ़ने पर उनकी समझ को व्यक्त करते हैं\|<br>C4.2 शब्दों के अर्थों पर चर्चा करते हैं और विभिन्न पाठों या अन्य सामग्री क्षेत्रों को सुनकर और पढ़कर शब्दावली विकसित करते हैं\| | • आसपास होने वाली गतिविधियों, घटनाओं और विभिन्न स्थितियों में हुए अपने अनुभवों के बारे में बताते/ बातचीत करते और प्रश्न पूछते हैं\|<br>• अलग-अलग तरह की रचनाओं में आए नए शब्दों को संदर्भ में समझकर उनका अर्थ सुनिश्चित करते हैं\|<br>• तरह-तरह की कहानियों, कविताओं, रचनाओं की भाषा की बारीकियों (जैसे - शब्दों की पुनरावृत्ति, संज्ञा, सर्वनाम, विभिन्न विराम चिह्नों का प्रयोग आदि) की पहचान और प्रयोग करते हैं\| | **कला एकीकृत अधिगम**<br>अपनी मनपसंद कॉमिक स्ट्रिप बनाएँ।<br>**अभिनय से अधिगम**<br>पाठ का नाट्यरूपांतरण करें।<br>**खेल अधिगम** विद्यालय में मौजूद खेल उपकरणों का उपयोग करके बच्चों को खेल खिला सकते हैं (जैसे कैरम, चैस, लूडो, मोनोपोली, गिट्टे, अष्टचक्कन, राजा मंत्री चोर सिपाही, साँप सीढ़ी, लट्टू)\| |
| जनवरी से मार्च | 13 | **हमारा आदित्य (विज्ञान कथा )**<br>**हम सब सुमन एक उपवन के (अतिरिक्त पाठ्य सामग्री )** | C2.2 मुख्य सामग्री को समझते हैं और पढ़ी गई सामग्री से आवश्यक निष्कर्ष निकालते हैं\|<br>C3.3 उचित जानकारी और उद्देश्य के साथ आमंत्रण, सरल कविताओं, कहानियों और संवाद की रचना करते हैं।<br>C4.1 विभिन्न पाठों को सुनकर और पढ़कर शब्दों के अर्थों पर चर्चा करते हैं और शब्दावली विकसित करते हैं\| | • सुनी हुई रचनाओं की विषयवस्तु, घटनाओं, पात्रों, शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं/ प्रश्न पूछते हैं/ अपनी प्रतिक्रिया देते हैं/ राय बताते हैं/ अपने तरीके से कहानी कविता आदि अपनी भाषा में व्यक्त करते हैं\|<br>• आसपास होने वाली गतिविधियों, घटनाओं और विभिन्न स्थितियों में हुए अपने अनुभवों के बारे में बताते/ बातचीत करते और प्रश्न पूछते है\|<br>• अलग-अलग तरह की रचना सामग्री (अखबार, बाल पत्रिका, होर्डिंग आदि ) को समझकर पढ़ने के बाद उस पर अपनी प्रतिक्रिया लिखते हैं, पूछे गए प्रश्नों के उत्तर (लिखित /ब्रेल लिपि) आदि में देते है\| | **वैज्ञानिक सोच का विकास**<br>वैज्ञानिक सोच का विकास करते हुए मिशन मंगल फिल्म दिखाई जा सकती है।<br>**सांस्कृतिक विकास** सूर्य से जुड़े हुए विभिन्न त्यौहार (जैसे छठ पूजा, मकर संक्रांति, रथ सप्तमी) के विषय में कक्षा में चर्चा कराई जा सकती है।<br>**भाषाई कौशल**<br>संवाद लेखन - आदित्य L1 और सूर्य के बीच में जो भी बातचीत हो सकती है उसे अपने शब्दों में लिखिए तथा अपनी कक्षा में अपने दोस्त के साथ उसे प्रस्तुत कीजिए। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | **कल्पनात्मक अधिगम** बच्चों की कल्पना के विकास हेतु उनसे कुछ प्रश्न पूछें (जैसे यदि आप चाँद या किसी अन्य ग्रह/उपग्रह पर जाएँगे तो क्या-क्या सामान अपने साथ लेकर जाएँगे।) |

**नोट :- उपर्युक्त पाठ्यक्रम पुनरावृति के साथ वार्षिक परीक्षा से पहले पूर्ण हो जाना चाहिए|**